**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की, राज्य को उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त करने का दिया निर्देश।**
2. **राज्य में नौ आईपीएस अधिकारियों की प्रोन्नति, तीन का हुआ तबादला, रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा बने डीआईजी, सुनील भास्कर होंगे पलामू के नये आईजी।**
3. **झारखंड समेत देशभर में नववर्ष की धूम, देर रात तक लोगों ने की मस्ती, पिकनिक स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं**
4. **पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी का झारखंड में असर, न्यूनतम तापमान में आयी पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट, सर्द हवा से बढ़ी कनकनी।**
5. **हॉकी इंडिया लीग में हैदराबाद तूफ़ान्स ने राउरकेला में दिल्ली एसजी पाइपर्स को शूट–आउट में 5–4 से हराकर बोनस अंक हासिल किया।**

********************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद मुक्त करने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत बनाने और नक्सल अभियान तेज करने के निर्देश दिये हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सल प्रभावित जिलों में चल रहे नक्सल अभियान की समीक्षा करते हुए श्री गुप्ता ने उग्रवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और आपराधिक गुटों का संपूर्ण रूप से खात्मा करने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ अन्य कार्रवाई करने संबंधी दिशा–निर्देश दिये।

********************

झारखंड कैडर के 9 आईपीएस अधिकारियों को सरकार ने प्रमोशन दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी गयी है जबकि सुनील भास्कर को पलामू का जोनल आईजी, संजीव कुमार को हजारीबाग रेंज का डीआईजी और अंबर लकड़ा को दुमका डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। पलामू जोनल के आईजी नरेंद्र सिंह का तबादला कर रेल आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

********************

आज खरसावां गोलीकांड की बरसी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज खरसावां जायेंगे। वे हेलीकॉप्टर से खरसावां के अर्जुना स्टेडियम पहुंचेंगे। इसके बाद खरसावां शहीद बेदी और केसरे मुंडा चौक पहुंचेंगे, जहां पारंपरिक रूप से तेल व पुष्प अर्पित कर वे शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन भी शहीदों को श्रद्धांजलि देने शहीद पार्क पहुंचेंगे।

********************

झारखंड समेत पूरा देश आज नववर्ष का जश्न मना रहा है। झारखंड के विभिन्न जिलों में अवस्थित पिकनिक स्थलों पर सबेरे से ही सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। इससे पहले कल

देर रात तक रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में नये वर्ष के स्वागत में लोगों ने जश्न मनाया। खासकर युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को नववर्ष की बधाई दी है।

********************

केंद्र सरकार ने देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई योजनाओं और कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है। पिछले दस वर्षों में, नरेन्द्र मोदी सरकार भारत के युवाओं के लिए अवसरों की नई लहर लायी है।

मकर संक्राति के नजदीक आते ही रांची में तिलकुट की सोंधी सुगंध फैलने लगी है। बाजारों में तिलकुट की दुकानें सज गयी हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

********************

पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची सहित राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। सर्द हवाओं के कारण कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नही आयेगा लेकिन न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की और गिरावट आ सकती है जिससे ठंड और बढ़ेगी।

********************

हॉकी इंडिया लीग में हैदराबाद तूफ़ान ने कल ओडिसा के राउरकेला में दिल्ली एसजी पाइपर्स को शूट—आउट में 5—4 से हराकर बोनस अंक हासिल किया। राउरकेला में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का मुकाबला टीम गोनासिका से होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे शुरू होगा। एक रिपोर्ट—

********************

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया है। अंतिम दिन खेले गए फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में संथाल परगना ने केरल को टाई ब्रेकर में एक के मुकाबले चार गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। केरल की टीम उपविजेता रही और झारखंड की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एक रिपोर्ट—

********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के नौ आईपीएस अधिकारियों की प्रोन्नति की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।
- **दैनिक भास्कर ने लिखा है—** रांची एसएसपी चंदन सिन्हा बने डीआईजी, पर एएसपी बने रहेंगे।
- **हिन्दुस्तान लिखता है—** तीन आईपीएस आईजी, छह डीआईजी बने।

- **प्रभात खबर की सुर्खी है**– नया साल, नयी उम्मीदें: झारखंड में 44 हजार से ज्यादा नियुक्तियां होंगी।
- **दैनिक जागरण के शब्द हैं**– अब किसी भी बैंक से पेंशन ले सकेंगे ईपीएफओ के पेंशनर।
- **रांची एक्सप्रेस लिखता है**– नये साल का आगाज, आतिशबाजी के साथ स्वागत।
- **अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने** मणिपुर हिंसा के लिए सीएम बीरेन सिंह के माफी मांगने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***********समाप्त*************